लापरवाही | अध्यक्ष और पार्षदो की जुगल बंदी मे ठेकेदार काट रहे चांदी, करा रहे घटिया निर्माण कार्य

# नगर का विकास नहीं, शासकीय राशि का हो रहा विनाश

**नवभारत,ब्योहारी।** नगर परिषद ब्योहारी मे इन दिनों विकास के नाम पर शासकीय राशि के विनास का नया पठगाथा लिखा जा रहा है। टोपनदास तिराहा से नगरिया मंदिर की ओर बनी बैरिक कोट सड़क ठेकेदार द्वारा किये गये भ्रस्टाचार की चीख चीख कर गवाही दे रही है। उक्त सड़क को बने दो साल भी नहीं हुआ और उसके जगह जगह चीथड़े उड़ गये है। जो भी बचा था वो नाली निर्माण होने की वजह से पूरी तरह से अब वो नरक बन चुकी है लोगों को पैदल चलना मुश्किल हो रहा है। वंहा की जनता गवाह है कि यंहा सड़क निर्माण मे दिन दहाड़े भ्रस्टाचार नियम कायदो को रौंदते हुए किया गया है। घटिया निर्माण को लेकर सीएमओ और अध्यक्ष को शिकायत की गयी थी पर नगर परिषद अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और पार्षदो की रहस्यमयी चुप्पी ने यह साबित कर दिया है कि यंहा विपक्ष और सत्ता के बीच जनता को लूटने का एक गुप्त अनुबंध हो चुका है। नगर परिषद अंतर्गत वार्ड 14 मुक्ति धाम पंहुच मार्ग, टोपन दास तिराहा से नगरिया मंदिर तक

बैरिक कोट सड़क का निर्माण जिस तरीके से हुआ है, वह सीधे तौर पर लाखो के बंदर बांट का मामला है। ठेकेदार द्वारा निर्माण कार्यों मे मनमर्जी से घटिया मटेरियल का उपयोग किया गया है जिसका नतीजा आज सामने है। लोगों का आरोप है कि नगर मे जितने भी निर्माण कार्य होते है वंहा न कोई तकनीकी जानकर उपस्थित रहते है और न ही कोई जिम्मेदार अधिकारी झाकने जाते, वो अपना कमीशन लेकर ऑफिस मे ही बैठकर मूल्यांकन कर रहे है।

### मुक्ति धाम पहुंच मार्ग की जांच कराने की मांग

जानकारों की माने तो पीसीसी सड़क मे 5 साल तक ठेकेदार को संधारण की जिम्मेदारी होती है यदि ये सही है तो फिर नगर परिषद का जिम्मेदार अमला इसे संज्ञान मे क्यों नहीं ले रहा है, इसकी जांच क्यों नहीं करायी जा रही है , क्यों ठेकेदार को सड़क की मरम्मत हेतु नोटिस जारी नही किया जा रहा है। कंही संधारण अवधि समाप्त होने का इंतजार तो नहीं किया जा रहा है आदि तमाम बातो को लेकर चर्चाओ का बाजार गर्म है। लोगों ने टोपन दास तिराहे से लेकर नगरिया मंदिर की ओर कराये गये बैरिक कोट सड़क निर्माण और वार्ड नंबर 14 मे मेन रोड से मुक्तिधाम पंहुच मार्ग की जांच नवागत सीएमओ व उच्चाधिकारियो से करा कर कार्यवाही किये जाने की मांग की है।

### अध्यक्ष भी नहीं दे रहे ध्यान

लोगों का कहना है कि नगर परिषद अध्यक्ष नगर परिषद द्वारा कराये जा रहे निर्माण कार्यों के आलावा हर जगह ध्यान दे रहे है। कंही कोई मामला हो वो तुरंत वंहा पंहुच विरोध जताते है, पर पता नहीं क्यों नगर परिषद मे ठेकेदार द्वारा कराये जा रहे घटिया निर्माण पर ध्यान क्यों नहीं दे रहे है इसके पीछे का राज क्या है वही जाने पर यंहा की जनता उनके क्रिया क्लापो को देख प्रश्न चिन्ह लगा रही है जो आने वाले समय मे उन्हें उसके दुस परिणाम देखने को मिल सकता है जिस पर नगर परिषद अध्यक्ष को गौर करने की जरूरत है।

### इनका कहना है

पीसीसी सड़क निर्माण मे संधारण की अवधि होनी चाहिये मैंने अभी अभी ज्वाइन किया है, मुझे ज्यादा जानकारी नहीं है, मैं पता करती हूँ। आप जो रोड बता रहे है दिखवाती हूँ जांच करा कर कार्यवाही की जायेगी।

**शिवांगी पाण्डेय**
**सीएमओ ब्योहारी**

# आधी रात बेटे ने अपनी ही मां को उतारा मौत के घाट

▶ गला दबा कर मां की कर दी निमर्मम हत्या

**नवभारत, शहडोल।** शहडोल जिले के अमलाई थाना क्षेत्र से रिश्तों को झकझोर देने वाली एक सनसनीखेज घटना सामने आई है। यहां एक युवक ने अपनी ही मां की गला दबाकर हत्या कर दी। घटना के बाद इलाके में दहशत और चर्चा का माहौल है। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार, अमलाई थाना क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 13 स्थित राजेंद्र सिंह कॉलोनी में रहने वाले संजय कोरी ने सोमवार-मंगलवार की दरयानी रात अपनी मां कुसुम कोरी की हत्या कर दी।

बताया जा रहा है कि रात के समय जब महिला घर में सो रही थी, तभी आरोपी बेटे ने उसका गला दबा दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।पूछताछ में आरोपी ने बताया कि उसकी मां छोटी-छोटी बातों पर उसे परेशान करती थी, जिससे तंग आकर उसने यह कदम उठाया। पुलिस का कहना है कि आरोपी नशे का आदी है और मजदूरी का काम करता है। परिवार का छोटा बेटा दूसरे राज्य में मजदूरी के लिए गया हुआ है,

जबकि तीनों बेटियां भी घर पर मौजूद नहीं थीं। इसके अतिरिक्त यह बात भी सामने आ रही है कि संजय कोरी का पड़ोस में रहने वाली एक विवाहित महिला से कथित तौर पर संबंध था, जिसका उसकी मां विरोध करती थी। इसी बात को लेकर दोनों के बीच अक्सर विवाद होता रहता था। घटना की रात भी कहासुनी हुई, जिसके बाद गुस्से में आकर बेटे ने इस वारदात को अंजाम दे दिया। सुबह घटना की जानकारी मिलते ही क्षेत्र में हड़कंप मच गया और बड़ी संख्या में लोग मौके पर एकत्र हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर आरोपी को पकड़ लिया। इस संबंध में अमलाई थाना प्रभारी भूपेंद्र मणि पाण्डेय ने बताया कि मां की हत्या के मामले में आरोपी बेटे को हिरासत में ले लिया गया है और उसके खिलाफ विधिक कार्रवाई की जा रही है। प्रथम दृष्टया मामला पारिवारिक विवाद से जुड़ा प्रतीत हो रहा है, हालांकि पुलिस हर पहलू से जांच कर रही है। यह घटना एक बार फिर पारिवारिक संबंधों में बढ़ती कटुता और संवेदनहीनता पर गंभीर सवाल खड़े करती है।

# 5 हजार रुपये लूटने वाला अड़ीबाज सलाखों के पीछे

**नवभारत,शहडोल।** शहडोल जिले के ब्यौहारी थाना क्षेत्र में अड़ीबाजी कर जबरन पैसे वसूलने वाले आरोपी को पुलिस ने महज 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर बड़ी कार्रवाई की है। आरोपी को न्यायालय में पेश कर आगे की वैधानिक प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। मामले में ग्राम भमरहा द्वितीय निवासी कमलेश प्रसाद द्विवेदी ने सोमवार को थाना ब्यौहारी में शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया कि बालकृष्ण उर्फ बाली शुक्ला नामक युवक ने शराब पीने और पार्टी करने के नाम पर उनसे एक हजार रुपये की मांग की।

जब उन्होंने पैसे देने से मना किया, तो आरोपी ने गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। इतना ही नहीं, आरोपी ने डराकर फरियादी की जेब से जबरन पांच हजार रुपये निकाल लिए और मौके से फरार हो गया। घटना के बाद पीड़ित ने पुलिस से न्याय की गुहार लगाई। शिकायत मिलते ही पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू की। विवेचना के दौरान पुलिस टीम ने तेजी से कार्रवाई करते हुए आरोपी को दबोच लिया। थाना प्रभारी निरीक्षक जियाउल हक के नेतृत्व में हुई इस कार्रवाई में पुलिस टीम ने अहम भूमिका निभाई। गिरफ्तार आरोपी को न्यायालय में पेश कर दिया गया है, जहां से आगे की कार्रवाई की जा रही है। पुलिस की इस त्वरित कार्रवाई से क्षेत्र में कानून व्यवस्था को लेकर भरोसा मजबूत हुआ है। साथ ही अड़ीबाजी और अवैध वसूली करने वालों को सख्त संदेश भी गया है कि ऐसे मामलों में अब किसी तरह की ढिलाई नहीं बरती जाएगी।

# अखिल भारतीय ब्राह्मण एकता परिषद की बैठक आयोजित

▶ शकुंतला मिश्रा महिला प्रकोष्ठ, बालमुकुंद तिवारी शिक्षा प्रकोष्ठ, तथा रविशंकर गौतम विधि प्रकोष्ठ के बने प्रमुख

**नवभारत, शहडोल ।** अखिल भारतीय ब्राह्मण एकता परिषद जिला शहडोल की एक महत्वपूर्ण बैठक खेरमाई मंदिर प्रांगण में आयोजित की गई। बैठक में युवाओं के सामाजिक सरोकारों, सामाजिक कुरीतियों के उन्मूलन तथा संगठन के विस्तार पर विस्तृत चर्चा हुई।बैठक की अध्यक्षता नवनिर्वाचित जिला अध्यक्ष पं. बद्री प्रसाद तिवारी ने की। बैठक में पं. दयाशंकर शुक्ल (उपाध्यक्ष, विंध्य क्षेत्र एवं संरक्षक), पं. भागवत शर्मा तथा जिला संयोजक पं. अनिल शुक्ला की सानिध्यता में हुई।बैठक की शुरुआत में नवनिर्वाचित अध्यक्ष पं. बद्री प्रसाद तिवारी का हार्दिक

अभिनंदन किया गया। इसके पश्चात संगठन की नई कार्यकारिणी गठन, विभिन्न प्रकोष्ठों के गठन तथा सामाजिक बुराइयों पर चर्चा हुई। प्रमुख रूप से दहेज प्रथा, युवाओं में नशे की बढ़ती प्रवृत्ति, फिजूलखर्ची तथा पारिवारिक मतभेदों पर अंकुश लगाने हेतु सामाजिक जागरूकता अभियान चलाने पर जोर दिया गया।बैठक महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए महिला प्रकोष्ठ प्रमुखशकुंतला मिश्रा,विधि प्रकोष्ठ प्रमुख पं. रवि शंकर गौतम (एडवोकेट), शिक्षा प्रकोष्ठ प्रमुख पं. बालमुकुन्द तिवारी (सेवानिवृत्त प्राचार्य, सोहागपुर) को नियुक्त किया गया। बैठक में यह प्रस्ताव पारित किया गया कि संगठन को घर-घर तक पहुंचाने के लिए प्रत्येक माह रविवार को बैठक आयोजित की जाएगी।

युवाओं एवं महिलाओं को अधिक से अधिक जोड़ने तथा ब्लॉक स्तर पर अध्यक्षों की नियुक्ति कर जिले में संगठन का विस्तार शीघ्र करने का निर्णय लिया गया। वरिष्ठ पदाधिकारियों द्वारा प्रवास कार्यक्रम बनाए जाएंगे।युवा ऊर्जा को प्रोत्साहित करने, नकारात्मक परिस्थितियों में भी समाज की मजबूत स्तंभ बनने तथा सामाजिक कुरीतियों के विरुद्ध सक्रिय भूमिका निभाने पर बल दिया गया। गरीब ब्राह्मण परिवारों की बेटियों के विवाह बिना दहेज के संपन्न कराने हेतु सक्षम व्यक्तियों से सहयोग का आह्वान किया गया।केंद्र सरकार के यूजीसी बिल तथा अन्य सामाजिक मुद्दों पर भी विचार-विमर्श हुआ। अंत में जिला अध्यक्ष पं. बद्री प्रसाद तिवारी ने सभी सदस्यों से आचरण की स्वच्छता, संध्या वंदन तथा गायत्री उपासना अपनाने का आह्वान किया। संगठन की आर्थिक मजबूती हेतु चंद्रिका प्रसाद शुक्ल (मुनि जी) ने अपना प्रस्ताव रखा।बैठक की शुरुआत शिव शक्ति एवं परमात्मा राम भगवान का माल्यार्पण तथा मंगलाचरण चंद्रिका प्रसाद पाठक द्वारा किया गया, जिसके पश्चात प्रसाद वितरण हुआ।बैठक में प्रमुख रूप से उपस्थित रहे: रविशंकर शुक्ला, राजू द्विवेदी, सुरेंद्र प्रसाद दुबे/इवे, रवि शंकर गौतम (एडवोकेट), सतीश कुमार तिवारी, पी.एन. चतुर्वेदी, बलभद्र प्रसाद द्विवेदी, राम मिलन शर्मा, चंद्रिका प्रसाद , अनिल कुमार शुक्ला, डॉ. के.पी. तिवारी, कामता प्रसाद चतुर्वेदी, रामरेखा/लखन द्विवेदी, राकेश मिश्रा, निधि तिवारी, शकुंतला मिश्रा, रुकमणी मिश्रा, राजीव मिश्रा आदि।सभी सदस्यों ने संगठन को मजबूत बनाने तथा सामाजिक सरोकारों में सक्रिय योगदान देने का संकल्प लिया।

# त्यौहारों के दौरान साफ-सफाई का रखा जाए विशेष ध्यान : पूजा बुनकर

**नवभारत,धनपुरी ।** 19 मार्च से नवरात्र का पर्व शुरू है इसके साथ-साथ ईद मिलादुन्नबी का भी त्यौहार है जिसे देखते हुए नगर पालिका धनपुरी के द्वारा पूरे शहर के अंदर विशेष सफाई अभियान चलाया जा रहा है विगत दिनों मुख्य नगर पालिका अधिकारी के द्वारा सभागार में स्वच्छता को लेकर एक बैठक भी आयोजित की गई थी जहां पर सफाई व्यवस्था बेहतर बनाएं रखने की दिशा में कई महत्वपूर्ण दिशा निर्देश दिए गए थे दूसरी तरफ नगर पालिका धनपुरी की अध्यक्ष श्रीमती रविंदर कौर छावड़ा एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी पूजा बुनकर ने स्वच्छता विभाग को निर्देशित करते हुए कहा है कि त्योहारों को देखते हुए धार्मिक स्थलों के आसपास विशेष रूप से सफाई अभियान चलाएं एवं

नागरिकों से मिलकर स्वच्छता को लेकर चर्चा भी करें जो बात बताई जा रही हो उस पर भी तत्काल ध्यान दिया जाए।

उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में शहर के अंदर स्वच्छता को लेकर विशेष अभियान चलाया जा रहा है त्योहारों को देखते हुए शहर के सभी सार्वजनिक स्थानों पर सफाई विशेष रूप से कराई जा रही है इतना नहीं नहीं स्वच्छता के साथ-साथ प्रकाश व्यवस्था भी बेहतर बनाने की दिशा में लगातार ध्यान दिया जा रहा है उन्होंने स्वच्छता विभाग को निर्देशित करते हुए कहा है कि समस्त वार्ड का निरीक्षण करें और सफाई व्यवस्था को और भी बेहतर करने की दिशा में ध्यान दिया जाए उन्होंने कहा कि सफाई व्यवस्था पहली प्राथमिकता में है त्योहारों को देखते हुए पूर्व से ही अभियान चलाया जा रहा है वर्तमान समय में नगर के समस्त वार्ड में सफाई व्यवस्था और बेहतर की जा रही है इसके साथ-साथ उन्होंने कहा कि नागरिकों के द्वारा भी अगर कोई समस्याएं बताई जा रही है तो उस पर भी तत्काल ध्यान दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि लगातार वार्ड के निरीक्षण किया जा रहा है व्यवस्था को और बेहतर करने की दिशा में सभी प्रयास किये जा रहे हैं इसके साथ-साथ उन्होंने कहा कि शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने की दिशा में सभी अपना सहयोग नगर पालिका को दे।..

# 40 वर्ष पूर्व घरेलू गैस मांगने पर भाजपाइयों को भेजा गया था जेल : कैलाश तिवारी

**नवभारत,शहडोल।** भारतीय जनता पार्टी के पूर्व जिला महामंत्री कैलाश तिवारी ने शहडोल नगर की जनता को तथा कांग्रेस को याद दिलाया है कि लगभग 40 वर्ष पूर्व घरेलू गैस की इतनी कमी तथा मनमानी वितरण के कारण भारतीय जनता पार्टी के द्वारा एक विशाल आंदोलन किया गया था जिस पर घरेलू गैस देने की बजाय आवाज दबाने के लिए भाजपा के 50 से ज्यादा कार्यकर्ताओं को एक हफ्ते के लिए शहडोल जेल श्री काशीनाथ कटारे, लल्लू सिंह सहित अनेक नेताओं को को भेजा गया था । कैलाश तिवारी ने कहा है कि विपक्ष को याद रखना चाहिए कि उसके कार्यकाल में आम जनता किस प्रकार घरेलू गैस सिलेंडर के लिए परेशान रहती थी तथा आए

दिन मारपीट तक की घटनाएं गैस एजेंसी में होती थी। जब से मोदी जी प्रधानमंत्री बने हैं तब से शहर सहित गांव में घरेलू गैस सिलेंडर (उज्ज्वला योजना) घर-घर में पहुंच चुके हैं। ईरान इजरायल युद्ध के संकट के कारण विपक्ष के द्वारा ऐसा वातावरण बनाया जा रहा है। मानो गैस मिलेगी ही नहीं । विपक्ष को अपने कार्यकाल की हमेशा याद रखना चाहिए।

प्रयास | एसईसीएल सोहागपुर एरिया की कोयला खदानों में उत्पादन बढ़ाने को लेकर प्रबंधन लगातार कर रहा प्रयास

# भूमिगत खदानों के साथ-साथ ओपन कास्ट में भी बढ़ा कोयला उत्पादन

**नवभारत , धनपुरी।** मार्च महीने की 15 दिन पूरे हो चुके हैं और इस तरह से अगर देखा जाए तो अब सिर्फ 15 दिनों का समय शेष रह गया है और अगर 31 मार्च तक एसईसीएल सोहागपुर एरिया को अपना कोयला उत्पादन का वार्षिक लक्ष्य 15 दिनों में पूरा करना है यही कारण है कि कोयला खदानों में कोयला उत्पादन बढ़ाने को लेकर प्रबंधन का प्रयास भी लगातार देखा जा रहा है ओपन कास्ट खदानों से लेकर भूमिगत खदानों तक उत्पादन बढ़ाने पर जोर दिया जा रहा है और कहीं ना कहीं अपने वार्षिक कोयला उत्पादन लक्ष्य को पूरा करने के लिए प्रबंधन पूरी तरह से प्रयासरत है आज अगर देखा जाए तो सोहागपुर एरिया में प्रतिदिन 21000 टन से भी अधिक कोयला उत्पादन हो रहा है और आने वाले दिनों में प्रतिदिन का उत्पादन लक्ष्य और अधिक बढ़ेगा यह भी संभव होगा एरिया

महाप्रबंधक बी के जेना कोयला उत्पादन बढ़ाने को लेकर लगातार अधिकारियों से चर्चा भी कर रहे हैं और खदानों का लगातार निरीक्षण कर वहां पर हो रहे कोयला उत्पादन की वर्तमान स्थिति को भी देख रहे हैं मौके पर अधिकारियों से चर्चा उपरांत जो भी समस्याएं आ रही हैं उसे दूर करने का भी प्रयास किया जा रहा है इतना ही नहीं दामिनी भूमिगत खदान में जहां पर सीएम प्रोजेक्ट लग गया है और यहां से कोयला उत्पादन भी शुरू हो गया है जो की एरिया के उत्पादन में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है

वर्तमान में अगर एरिया की समस्त खदानों में देखा जाए तो ओपन कास्ट में कोयला उत्पादन पिछले कुछ दिनों में बढ़ता हुआ देखा जा रहा है उत्पादन के साथ-साथ घाटा भी कम हो इसे लेकर भी प्रबंधन का प्रयास लगातार देखा जाता है और कहीं ना कहीं इसमें प्रबंधन को सफलता भी मिल रही है अमलाई ओपन कास्ट जहां भी कोयला उत्पादन शुरू करने को लेकर प्रबंधन की ओर से सभी प्रयास किया जा रहे हैं ऐसी उम्मीद है कि अगले कुछ ही दिनों में यहां से भी उत्पादन शुरू हो जाएगा जिस कारण से एरिया के प्रतिदिन के उत्पादन में तो बढ़ोतरी होगी इसके साथ-साथ एरिया को जो वार्षिक उत्पादन लक्ष्य है उसमें भी यहां से उत्पादन शुरू होने के बाद बढ़ोतरी देखने को मिलेगी। इसी तरह मेगा प्रोजेक्ट रामपुर में अगर देखा जाए तो वह अपना वार्षिक उत्पादन लक्ष्य जो 30 लाख टन था जहां पर उत्पादन बढ़ाने को लेकर पिछले कुछ दिनों में जो प्रयास किए गए हैं उसे देखा भी जा सकता है यहां पर वर्तमान समय में प्रतिदिन 10000 टन के आसपास कलर उत्पादन हो रहा है जो की एक बड़ी उपलब्धि भी मानी जा सकती है और एरिया के बातचीत कोलन उत्पादन लक्ष्य में इस ओपन कास्ट के सबसे महत्वपूर्ण भूमिका है और वह अपनी भूमिका को निभाते हुए लगातार देखी भी जा रही है भूमिगत खदानों में लगभग सभी खदानों में उत्पादन लगातार बढ़ा है और सभी अपनी लक्ष्य की ओर अग्रसर देखे जा रहे हैं एरिया महाप्रबंधक लगातार खदानों को निरीक्षण कर उत्पादन बढ़ाने पर जोर दे रहे हैं सुरक्षा के साथ उत्पादन बढ़े प्रबंधन के प्रयास है और यही कारण है कि मुख्यालय से जो वार्षिक लक्ष्य दिया गया है 31 मार्च तक उसे पूरा करने को लेकर प्रबंधन पूरी तरह सक्रिय देखी जा रही है।

# ग्राम हर्री में भ्रष्टाचार की नींव पर खड़ा हो रहा पंचायत भवन

▶ खबर के बाद भी कुंभकर्णी नींद में प्रशासन

**नवभारत,गोहपारू ।** विकास खंड गोहपारू के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत हर्री में सरकारी धन की बंदरबाँट और निर्माण कार्यों में भारी लापरवाही का खेल धड़ल्ले से जारी है। निर्माणाधीन पंचायत भवन में घटिया सामग्री के उपयोग को लेकर पूर्व में समाचार प्रकाशित होने के बावजूद, जनपद पंचायत के जिम्मेदार अधिकारियों ने अब तक मौके पर झांकना भी मुनासिब नहीं समझा है। ग्राम हर्री में बन रहे पंचायत भवन की दीवारें चीख-चीख कर भ्रष्टाचार की कहानी बयां कर रही हैं। निर्माण में 'चोरी की रेत' का उपयोग हो रहा है जिसमें मिट्टी की मात्रा अत्यधिक है।पिलर और बीम में मानक के अनुरूप सरिया का उपयोग न करना भवन की मजबूती को सीधा खतरा पैदा

कर रहा है। मसाले में सीमेंट की मात्रा इतनी कम है कि हाथ लगाने पर ही प्लास्टर और ईंटें अपनी जगह छोड़ रहे हैं।

### खबर का असर शून्य, ठेकेदार के हौसले बुलंद

हैरानी की बात यह है कि इस गंभीर अनियमितता पर समाचार पत्रों में प्रमुखता से खबर प्रकाशित की जा चुकी है। इसके बावजूद गोहपारू जनपद पंचायत के उपयंत्री और तकनीकी अमले ने निर्माण कार्य को रोकने या जांच करने की जहमत नहीं उठाई। प्रशासन की यह 'रहस्यमयी चुप्पी' ग्रामीणों के बीच चर्चा का विषय बनी हुई है। लोगों का आरोप है कि क्या भ्रष्टाचार को उच्च स्तर से संरक्षण प्राप्त है? हरी के जागरूक ग्रामीणों का कहना है कि अगर जल्द ही इस घटिया निर्माण की उच्च स्तरीय जांच नहीं हुई और दोषियों पर कार्रवाई नहीं की गई, तो वे कलेक्टर शहडोल और जिला पंचायत सीईओ के समक्ष सामूहिक शिकायत दर्ज कराएंगे। ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री हेल्पलाइन (181) पर भी मामले को दर्ज कराने की बात कही है।